राजधानी •
वर्ष 17 | अंक 232 | पृष्ठ : 20+8
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 30 नवंबर 2019

एकजुटता | आतंकवाद से लड़ने के लिए श्रीलंका को पांच करोड़ डॉलर की सहायता...14 | दिल्ली-एनसीआर

स्विट्जरलैंड की कंपनी बनाएगी जेवर का नोएडा एयरपोर्ट

तीन भारतीय कंपनियों को पछाड़कर लगाई देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट के लिए सबसे बड़ी बोली

ग्रेटर नोएडा। जेवर में बनने जा रहे नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण की जिम्मेदारी स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को मिलना तय हो गया है।

स्विस कंपनी ने प्रति यात्री सबसे अधिक रेट देने की बोली में देश की सबसे बड़ी निजी एयरपोर्ट कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज सहित तीन भारतीय कंपनियों को पछाड़ दिया है। अब महज पीएमआईसी व यूपी कैबिनेट से मुहर लगने की औपचारिकता ही शेष हैं। माना जा रहा है कि अगले एक माह में कंपनी को निर्माण का पत्र मिल जाएगा। यह देश का पहला ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट होगा, जिसकी जिम्मेदारी किसी विदेशी कंपनी को दी जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) ने 30 मई को वैश्विक निविदा जारी की थी। 6 नवंबर को एयरपोर्ट की तकनीकी निविदा खोली गई थी। इसमें एक विदेशी कंपनी समेत शामिल चारों कंपनियां सफल रही थीं। ब्यूरो >> 2023-24 से कर सकेंगे एयरपोर्ट से सफर : माई सिटी

दो दिसंबर को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक में मंजूरी के बाद प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष रखेंगे। वहां से मुहर लगते ही काम आवंटित कर दिया जाएगा। दो माह में कंपनी काम शुरू कर सकती है। - **डॉ. अरुणवीर सिंह**, सीईओ, नियाल

29,560
करोड़ रुपये आएगी निर्माण पर लागत

5000 हेक्टेयर एरिया में होगा नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण

- 6 से 8 रनवे होंगे एयरपोर्ट के पूरी तरह निर्माण के बाद

समय पर पूरा करेंगे काम : एयरपोर्ट के विकास का काम समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। राज्य सरकार के स्तर से प्रोजेक्ट के लिए हर तरह का सहयोग प्रदान करेंगे। **-आदित्यनाथ योगी, सीएम, यूपी**

निविदा में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी कंपनी ने 400.97 रुपये प्रति यात्री राजस्व देने के प्रस्ताव के साथ बाजी मार ली।

ऐसे मारी बाजी

अडानी लिमिटेड ने 360, दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने 351 और एनकोर्ज इंफ्रास्ट्रक्चर ने 205 रुपये प्रति यात्री का प्रस्ताव किया। पहली बार कोई टेंडर प्रति यात्री लाभांश पर निकाला गया है।